भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 942**
दिनांक 03 दिसम्बर, 2021 को उत्तर के लिए

**प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना**

**942. श्री मलूक नागर :**
**श्री बैन्नी बेहनन :**
**श्री अरुण कुमार सागर :**
**श्री के. नवासखनी :**
**श्री के. सुधाकरन :**
**श्री विनसेंट एच. पालाः**

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) भारत में एनीमिया से पीड़ित महिलाओं की संख्या कितनी है ;
(ख) क्या सरकार प्रधान मंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) लागू कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर और मिसरिख संसदीय क्षेत्र सहित इसकी वर्तमान स्थिति क्या है ;
(ग) क्या कोविड-19 महामारी के बाद से पीएमएमवीवाई के अंतर्गत कोई वित्तीय सहायता प्रदान की गयी है, यदि हां, तो इसके अंतर्गत किस माध्यम से धनराशि का अंतरण किया गया है ;
(घ) योजना की स्थापना से लेकर अब तक इसके अंतर्गत आबंटित, जारी और उपयोग में लायी गयी धनराशि का उत्तर-पूर्वी क्षेत्र सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ;
(ङ) इस योजना के प्रारंभ से लेकर अब तक इसके अंतर्गत पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र वार कितने लाभार्थियों को शामिल किया गया है ; और
(च) सरकार द्वारा पीएमएमवीवाई के कार्यान्वयन में गति लाने के लिये क्या कदम उठाए गए हैं ?

**उत्तर**

**श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी** **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) **:** हाल में संचालित राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) 5 (2019-21) के अनुसार अनुमान है कि इस समय 57 प्रतिशत महिलाएं (15-49 वर्ष) रक्ताल्पता की शिकार हैं।

(ख) **:** जी हां। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) को दिनांक 01.01.2017 से लागू करता आ रहा है। योजना की शुरुआत के बाद से पीएमएमवीवाई के तहत 22.11.2021 तक 2.17 करोड़ से अधिक पात्र लाभार्थियों को 9420.58 करोड़ रुपये (केंद्र और राज्य के हिस्से सहित) मातृत्व लाभ के रूप में वितरण किया गया है। नामांकित लाभार्थियों की संख्या, मातृत्व लाभ का भुगतान किए लाभार्थियों की संख्या और पीएमएमवीवाई के तहत वितरित की गई कुल राशि **अनुलग्नक -** I में दी गई है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पीएमएमवीवाई के तहत लाभार्थियों का क्षेत्रवार आंकड़े का रखरखाव नहीं करता। हालांकि, उत्तर प्रदेश के संबंध में जिलेवार

नामांकित लाभार्थियों की संख्या और योजना की शुरुआत से 22.11.2021 तक वितरित की गई कुल राशि **अनुलग्नक –** II में दी गई है।

(ग) : जी हां। पीएमएमवीवाई के तहत योजना की शुरुआत से ही कोविड-19 महामारी की अवधि सहित 5,000/- रुपये का मातृत्व पात्र लाभार्थी प्रत्यक्ष रूप से अपने आधार से जुड़े बैंक खातों/ डाकघर खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) मोड तीन किस्तों में प्राप्त करती हैं।

पात्र लाभार्थी को 5000/ रुपये का प्रोत्साहन प्रत्यक्ष रूप से अपने आधार से जुड़े बैंक खातों/ डाकघर खातों मं प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) मोड में तीन किस्तों में प्राप्त करती हैं।

(घ) : राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां सांकेतिक लक्ष्यों और निर्मुक्त निधियों के उपयोग के आधार पर जारी की जाती हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, पीएमएमवीवाई के तहत संस्वीकृत/जारी की गई निधियों और पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किए गए उपयोग का विवरण **अनुलग्नक –** III में दिया गया है।

(ड.) : पूर्वोत्तर क्षेत्र सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, स्कीम की शुरुआत से 22.11.2021 तक नामांकित लाभार्थियों की संख्या **अनुलग्नक –** I में है।

(च) : पीएमएमवीवाई के सफल कार्यान्वयन के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस, बैठकों और कार्यशालाओं के माध्यम से समय-समय पर समीक्षा की जाती है। स्कीम के कार्यान्वयन में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सामना की जाने वाली परिचालन संबंधी कठिनाइयों, जब और जब रिपोर्ट की जाती है, को आपसी/तकनीकी चर्चा और हैंडहोल्डिंग के माध्यम से संबोधित किया जाता है। स्कीम के कार्यान्वयन को तेज करने और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा करने के लिए मंत्रालय हर साल 'मातृ वंदना सप्ताह' भी मनाता है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने पीएमएमवीवाई के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए विभिन्न आईईसी और व्यवहार परिवर्तन संचार (बीसीसी) गतिविधियां जैसे प्रभातफेरी, नुक्कड़ नाटक, समाचार पत्र विज्ञापन, रेडियो जिंगल्स, सेल्फी अभियान, घर-घर अभियान, क्षेत्रीय स्तर पर सामुदायिक कार्यक्रम जैसे विभिन्न आईईसी और व्यवहार परिवर्तन संचार(बीसीसी) गतिविधियां आदि शुरू की गई हैं।

<u>**अनुलग्नक-I**</u>

**'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना' विषय पर श्री मलूक नागर, श्री बैन्नी बेहनन, श्री अरूण कुमार सागर, श्री अशोक कुमार रावत , श्री के नवासकनी, श्री के. सुधाकरण और श्री विनसेंट एच.पला द्वारा 03.12.2021 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 942 के उत्तर के भाग (ख) से (ङ.) में संदर्भित अनुलग्नक।**

**योजना की शुरुआत से 22.11.2021 तक नामांकित लाभार्थियों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या, भुगतान किए गए लाभार्थियों और पीएमएमवीवाई के तहत वितरित राशि को दर्शाने वाला विवरण**

| क्र.सं. | राज्यों का नाम | नामांकित लाभार्थियों की संख्या | भुगतान किए गए लाभार्थियों की संख्या | संवितरित कुल राशि (लाख रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह | 6,740 | 6,353 | 296.36 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 12,59,630 | 10,48,922 | 47,214.72 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 24,092 | 21,074 | 928.59 |
| 4 | असम | 7,93,786 | 7,10,004 | 32,109.62 |
| 5 | बिहार | 26,28,413 | 21,93,133 | 96,036.93 |
| 6 | चंडीगढ़ | 25,524 | 24,521 | 1,043.03 |
| 7 | छत्तीसगढ | 5,77,602 | 5,27,791 | 21,714.09 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 10,156 | 11,984 | 323.09 |
| 9 | दमन और दीव | 4,733 | | 158.27 |
| 10 | दिल्ली | 3,02,026 | 2,58,091 | 10,924.75 |
| 11 | गोवा | 19,724 | 18,158 | 780.56 |
| 12 | गुजरात | 8,16,070 | 7,63,897 | 34,951.02 |
| 13 | हरियाणा | 5,93,131 | 5,14,767 | 23,032.86 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 2,03,736 | 1,88,331 | 8,543.62 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 2,49,330 | 2,16,539 | 9,331.50 |
| 16 | झारखंड | 6,67,830 | 5,45,401 | 23,061.65 |
| 17 | कर्नाटक | 15,75,091 | 12,64,976 | 56,149.38 |
| 18 | केरल | 7,46,651 | 6,72,188 | 29,237.91 |
| 19 | लद्दाख | 1,302 | 3,787 | 61.30 |
| 20 | लक्षद्वीप | 1,435 | 1,279 | 42.92 |
| 21 | मध्य प्रदेश | 25,64,736 | 24,61,484 | 1,08,974.95 |
| 22 | महाराष्ट्र | 25,75,324 | 23,89,867 | 1,07,284.64 |
| 23 | मणिपुर | 54,954 | 48,321 | 2,300.16 |
| 24 | मेघालय | 35,109 | 33,345 | 1,393.65 |
| 25 | मिजोरम | 27,506 | 26,488 | 1,205.35 |
| 26 | नागालैंड | 27,391 | 24,819 | 1,195.17 |
| 27 | ओडिशा | 7 | 5 | 0.24 |
| 28 | पुद्दुचेरी | 25,113 | 23,222 | 1,056.74 |
| 29 | पंजाब | 4,42,291 | 3,67,951 | 16,383.47 |
| 30 | राजस्थान | 15,46,086 | 14,03,787 | 57,581.42 |
| 31 | सिक्किम | 11,839 | 9,515 | 416.31 |
| 32 | तमिलनाडु | 12,74,352 | 10,12,961 | 35,177.76 |
| 33 | तेलंगाना | 153 | - | 0.00 |
| 34 | त्रिपुरा | 85,494 | 73,248 | 3,006.62 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 44,65,256 | 39,25,356 | 1,68,218.81 |
| 36 | उत्तराखंड | 2,18,723 | 1,96,873 | 8,968.97 |
| 37 | पश्चिम बंगाल | 13,14,690 | 7,35,443 | 32,951.35 |

नोट: सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) से प्राप्त जानकारी के आधार पर।

**अनुलग्नक -II**

'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना' विषय पर श्री मलूक नागर, श्री बैन्नी बेहनन, श्री अरूण कुमार सागर, श्री अशोक कुमार रावत, श्री के नवासकनी, श्री के. सुधाकरण और श्री विनसेंट एच.पाला द्वारा 03.12.2021 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 942 के उत्त्र के भाग (ख) में संदर्भित अनुलग्नक।

**योजना के प्रारंभ से 22.11.2021 तक प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के तहत उत्तर प्रदेश में नामांकित लाभार्थियों की जिलेवार संख्या और वितरित कुल राशि को दर्शाने वाला विवरण**

| क्र.सं. | जिलों का नाम | नामांकित लाभार्थियों की संख्या | संवितरित कुल निधि (लाख रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | आगरा | 85,936 | 2,923 |
| 2 | अलीगढ़ | 81,562 | 2,921 |
| 3 | अम्बेडकर नगर | 63,076 | 2,470 |
| 4 | अमेठी | 45,315 | 1,505 |
| 5 | अमरोहा | 41,056 | 1,496 |
| 6 | औरैया | 33,080 | 1,335 |
| 7 | आजमगढ़ | 96,354 | 3,821 |
| 8 | बागपत | 28,090 | 975 |
| 9 | बहराइच | 96,074 | 3,582 |
| 10 | बलिया | 76,538 | 2,922 |
| 11 | बलरामपुर | 57,970 | 2,390 |
| 12 | बाँदा | 43,923 | 1,698 |
| 13 | बाराबंकी | 68,816 | 2,521 |
| 14 | बरेली | 1,00,221 | 4,009 |
| 15 | बस्ती | 58,907 | 2,296 |
| 16 | भदोही | 35,277 | 1,140 |
| 17 | बिजनौर | 81,270 | 3,195 |
| 18 | शाहजहांपुर | 71,205 | 2,571 |
| 19 | बुलंदशहरी | 68,934 | 2,485 |
| 20 | चंदौली | 45,558 | 1,718 |
| 21 | चित्रकूट | 27,861 | 1,049 |
| 22 | देवरिया | 72,377 | 2,787 |
| 23 | एटा | 36,095 | 1,118 |
| 24 | इटावा | 33,520 | 1,278 |
| 25 | फैजाबाद | 60,222 | 2,201 |
| 26 | फर्रुखाबाद | 39,280 | 1,460 |
| 27 | फतेहपुर | 50,027 | 1,770 |
| 28 | फिरोजाबाद | 58,020 | 2,149 |
| 29 | गौतम बुद्ध नगर | 38,836 | 1,573 |
| 30 | गाज़ियाबाद | 57,838 | 2,236 |
| 31 | गाजीपुर | 82,954 | 3,147 |
| 32 | गोंडा | 70,990 | 2,729 |
| 33 | गोरखपुर | 89,644 | 3,397 |
| 34 | हमीरपुर | 24,033 | 793 |
| 35 | हापुड़ | 28,316 | 1,032 |
| 36 | हरदोई | 1,00,746 | 3,900 |
| 37 | हाथरस | 40,330 | 1,503 |
| 38 | जालौन | 39,086 | 1,402 |
| 39 | जौनपुर | 92,807 | 3,584 |

| क्र.सं. | जिलों का नाम | नामांकित लाभार्थियों की संख्या | संवितरित कुल निधि (लाख रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 40 | झांसी | 47,171 | 1,815 |
| 41 | कन्नौज | 34,354 | 1,301 |
| 42 | कानपुर देहात | 41,425 | 1,525 |
| 43 | कानपुर नगर | 89,453 | 3,599 |
| 44 | कासगंज | 35,294 | 1,265 |
| 45 | कौशाम्बी | 40,044 | 1,469 |
| 46 | खेरी | 94,320 | 3,584 |
| 47 | कुशी नगर | 76,353 | 2,760 |
| 48 | ललितपुर | 36,683 | 1,444 |
| 49 | लखनऊ | 67,916 | 2,461 |
| 50 | महाराजगंज | 81,953 | 3,135 |
| 51 | महोबा | 22,753 | 928 |
| 52 | मैनपुरी | 40,779 | 1,547 |
| 53 | मथुरा | 49,675 | 1,777 |
| 54 | मौ | 55,330 | 2,151 |
| 55 | मेरठ | 61,811 | 2,243 |
| 56 | मिर्जापुर | 58,545 | 2,169 |
| 57 | मुरादाबाद | 63,171 | 2,202 |
| 58 | मुजफ्फरनगर | 63,108 | 2,525 |
| 59 | पीलीभीत | 47,051 | 1,539 |
| 60 | प्रतापगढ़ | 72,994 | 2,895 |
| 61 | प्रयागराज | 1,21,622 | 4,591 |
| 62 | रायबरेली | 64,340 | 2,455 |
| 63 | रामपुर | 61,806 | 2,545 |
| 64 | सहारनपुर | 76,047 | 3,026 |
| 65 | संबल | 37,555 | 1,305 |
| 66 | संतकबीर नगर | 41,565 | 1,689 |
| 67 | शाहजहांपुर | 79,175 | 2,933 |
| 68 | शामली | 35,500 | 1,438 |
| 69 | श्रावस्ती | 25,868 | 820 |
| 70 | सिद्धार्थ नगर | 54,988 | 2,068 |
| 71 | सीतापुर | 1,11,545 | 4,417 |
| 72 | सोनभद्र | 40,735 | 1,315 |
| 73 | सुल्तानपुर | 64,056 | 2,471 |
| 74 | उन्नाव | 75,329 | 2,874 |
| 75 | वाराणसी | 72,797 | 2,853 |

'प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना' विषय पर श्री मलूक नागर, श्री बैन्नी बेहनन, श्री अरूण कुमार सागर, श्री अशोक कुमार रावत, श्री के नवासकनी, श्री के. सुधाकरण और श्री विनसेंट एच.पाला द्वारा 03.12.2021 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 942 के उत्त्र के भाग (घ) में संदर्भित अनुलग्नक।

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के तहत स्वीकृत/जारी और उपयोग की गई राशि का वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण दिखाने वाला विवरण (22.11.2021 की स्थिति के अनुसार)**

| क्र.सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | 2017-18 (करोड़ रुपये में) | | 2018-19 (करोड़ रुपये में) | | 2019-20 (करोड़ रुपये में) | | 2020-21# (करोड़ रुपये में)) | | 2021-22# (करोड़ रुपये में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | निर्मुक्त | प्रयुक्त * | निर्मुक्त | प्रयुक्त* | निर्मुक्त | प्रयुक्त* | निर्मुक्त | प्रयुक्त* | आवंटित/निर्मुक्त | प्रयुक्त* |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1.63 | 0.43 | 0.41 | 1.18 | 1.27 | 1.08 | 0.98 | 1.01 | 0.94 | 0.30 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 70.22 | 42.10 | 141.02 | 175.80 | 101.25 | 168.81 | 14.39 | 78.48 | 14.39 | 8.39 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 9.13 | 0.01 | 0.36 | 2.66 | 0.00 | 3.81 | 8.72 | 3.25 | 0.56 | 0.96 |
| 4 | असम | 104.48 | 4.19 | 8.17 | 37.50 | 125.95 | 169.35 | 94.69 | 64.42 | 17.74 | 49.48 |
| 5 | बिहार | 173.51 | 5.76 | 12.53 | 62.28 | 101.88 | 342.16 | 319.98 | 498.93 | 165.32 | 74.44 |
| 6 | चंडीगढ़ | 2.90 | 1.11 | 2.48 | 3.06 | 3.99 | 2.96 | 4.40 | 2.35 | 1.00 | 1.32 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 43.83 | 7.69 | 20.26 | 49.96 | 52.93 | 82.26 | 9.66 | 58.86 | 28.99 | 28.89 |
| 8 | दादरा और नागर हवेली | 1.03 | 0.08 | 0.76 | 1.01 | 1.47 | 1.37 | 0.30 | 2.45 | 0.86 | 0.02 |
| 9 | दमन और दीव | 0.62 | 0.00 | 0.29 | 0.56 | 1.04 | 0.65 | 0.04 | | | |
| 10 | गोवा | 1.69 | 0.63 | 1.07 | 2.74 | 1.40 | 2.12 | 0.12 | 1.95 | 0.73 | 0.60 |
| 11 | गुजरात | 101.87 | 25.36 | 59.59 | 129.10 | 102.68 | 155.33 | - | 47.11 | 23.16 | 0.63 |
| 12 | हरियाणा | 43.24 | 13.26 | 36.75 | 82.19 | 65.87 | 77.87 | 7.36 | 40.87 | 30.01 | 30.83 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 18.22 | 4.42 | 17.94 | 27.55 | 33.69 | 28.65 | 7.73 | 20.61 | 10.32 | 8.98 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 31.38 | 1.11 | 8.28 | 25.91 | 30.12 | 30.31 | 7.50 | 20.14 | 22.48 | 17.61 |
| 15 | झारखंड | 56.23 | 7.01 | 14.53 | 59.70 | 63.38 | 95.13 | 16.27 | 57.23 | 43.79 | 16.75 |
| 16 | कर्नाटक | 102.49 | 22.41 | 63.62 | 132.29 | 119.53 | 195.56 | 37.92 | 161.43 | 54.01 | 68.72 |
| 17 | केरल | 55.37 | 15.97 | 35.14 | 75.98 | 64.19 | 95.15 | 15.29 | 68.40 | 28.25 | 42.33 |
| 18 | लद्दाख** | - | - | - | - | - | - | 0.76 | 0.27 | 0.25 | 0.23 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0.28 | 0.00 | 0.04 | 0.23 | 0.18 | 0.12 | 0.06 | 0.17 | 0.06 | 0.06 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 123.21 | 57.62 | 185.81 | 337.85 | 285.16 | 308.18 | 62.78 | 179.68 | 80.72 | 138.30 |
| 21 | महाराष्ट्र | 128.21 | 38.87 | 117.96 | 220.29 | 294.14 | 386.03 | 113.11 | 264.85 | 33.93 | 167.90 |
| 22 | मणिपुर | 14.74 | 0.66 | 0.75 | 2.74 | 4.12 | 12.10 | 6.48 | 6.96 | 1.15 | 2.36 |
| 23 | मेघालय | 11.11 | 0.69 | 1.02 | 1.83 | 4.21 | 8.43 | 5.08 | 4.85 | - | 2.85 |
| 24 | मिजोरम | 7.11 | 2.33 | 2.95 | 6.66 | 8.12 | 7.62 | 5.46 | 3.07 | 0.56 | 1.78 |

| क्र.सं. | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र | 2017-18 (करोड़ रुपये में) | | 2018-19 (करोड़ रुपये में) | | 2019-20 (करोड़ रुपये में) | | 2020-21# (करोड़ रुपये में)) | | 2021-22# (करोड़ रुपये में) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | निर्मुक्त | प्रयुक्त * | निर्मुक्त | प्रयुक्त* | निर्मुक्त | प्रयुक्त* | निर्मुक्त | प्रयुक्त* | आवंटित/निर्मुक्त | प्रयुक्त* |
| 25 | नागालैंड | 10.35 | 0.00 | 0.52 | 1.01 | 2.67 | 10.06 | 1.39 | 2.67 | 0.59 | 1.19 |
| 26 | दिल्ली के एनसीटी | 20.09 | 4.08 | 7.96 | 25.43 | 26.88 | 38.04 | 5.46 | 26.68 | 21.82 | 18.18 |
| 27 | ओडिशा | 71.43 | 0.00 | 3.83 | 0.00 | - | 0.00 | - | 0.00 | - | 0.00 |
| 28 | पुद्दुचेरी | 3.32 | 0.14 | 0.64 | 3.16 | 1.60 | 3.82 | 0.85 | 1.87 | 2.39 | 1.67 |
| 29 | पंजाब | 46.49 | 7.86 | 11.41 | 59.77 | 35.54 | 70.11 | 12.79 | 29.74 | 7.35 | 4.80 |
| 30 | राजस्थान | 114.87 | 7.88 | 96.05 | 224.10 | 96.52 | 167.81 | 100.02 | 151.23 | 54.10 | 61.52 |
| 31 | सिक्किम | 3.54 | 0.11 | 0.21 | 2.15 | 0.88 | 2.09 | 0.57 | 1.06 | 0.21 | 0.21 |
| 32 | तमिलनाडु | 120.88 | 0.00 | 6.58 | 41.59 | 46.21 | 215.29 | 93.39 | 195.97 | 17.51 | 42.16 |
| 33 | तेलंगाना | 71.96 | 0.00 | 3.85 | 0.00 | 0.00 | - | - | 0.00 | - | 0.00 |
| 34 | त्रिपुरा | 18.45 | 0.17 | 0.96 | 5.78 | 5.29 | 16.26 | 7.55 | 6.98 | 2.27 | 1.87 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 336.17 | 47.78 | 142.17 | 414.15 | 405.56 | 603.83 | 99.28 | 476.85 | 228.73 | 203.17 |
| 36 | उत्तराखंड | 26.11 | 6.40 | 14.26 | 21.59 | 27.66 | 28.81 | 18.97 | 26.29 | 8.66 | 14.25 |
| 37 | पश्चिम बंगाल | 102.45 | 1.44 | 29.39 | 124.66 | 87.69 | 205.88 | - | 0.56 | - | 0.00 |
| | **कुल** | **2,048.59** | **327.58** | **1,049.56** | **2,362.46** | **2,203.04** | **3,537.05** | **1079.37** | **2,507.23** | **902.84** | **1,012.74** |

* इसमें केंद्र और राज्य दोनों का हिस्सा शामिल है

**** 2020-21** से पहले लद्दाख को जम्मू-कश्मीर का हिस्सा था।

# वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान उपयोग की गई निधि के लिए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना-कॉमन एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर (पीएमएमवीवाई-सीएएस) के माध्यम से उत्पन्न रिपोर्ट के अनुसार जिन राज्यों से उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं उन्हें मातृत्व लाभ के भुगतान के लिए वितरित धनराशि पर विचार किया गया है।